BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 11 अगस्त, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# माता-पिता और गुरु का सम्मान करें : आचार्य रमाकांत गोस्वामी

## जिस घर में इन तीनों का सम्मान होता है वह घर स्वर्ग बन जाता है

**हैदराबाद/अयोध्या, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माता-पिता और गुरु का सम्मान करने वाला मनुष्य इहलोक ही नहीं परलोक भी सुधार लेता है। जिस घर में इन तीनों का सम्मान किया जाता है वह घर स्वर्ग के समान बन जाता है। यह उद्गार आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव के दौरान व्यक्त किए।

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में अयोध्या स्थित श्रीरामचरितमानस भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, पूर्वजन्म उपाख्यान, जड़ भरत कथा, प्रह्लाद चरित्र की कथा पर विस्तार से बताते हुए कथा व्यास आचार्य रमाकांत गोस्वामी ने कहा भगवान अपने भक्त की रक्षा करने स्वयं प्रकट होते है। भक्त की भक्ति, उसकी आस्था को भगवान कभी भी निराश नहीं करते। महाराज जी ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। स्वयं भगवान ने नृसिंह रुप धारण कर भक्त की रक्षा की। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, जिससे वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है।




अयोध्या स्थित श्रीरामचरितमानस भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव में आचार्य रमाकांत गोस्वामी जी से आशीर्वाद लेती हुई शुभ लाभ समाचार पत्र के सर्वेसर्वा गोपाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा अग्रवाल।

महाराज जी ने आगे कहा कि मानव योनि हमें धर्म संग्रह करने के लिए मिली है, धर्म ही जीव के साथ जाता है। अधर्म से ही व्यक्ति के लोक और परलोक बिगड़ते हैं। जीवन में हमें धर्म का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कथा में नारद के पूर्व जन्म, कुंती स्थिति, भीष्म स्थिति, कलयुग के दिए पांच सिद्धांत की भी व्याख्या विस्तार से की। उन्होंने कथा के दौरान बच्चों के लिए उनके माता-पिता को सीख देते हुए कहा कि छोटे बच्चों व युवाओं को बिगाड़ने में मोबाइल का अहम योगदान है। बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि मोबाइल के कारण बच्चे अब एकांतवासी होने लग गए हैं। इससे घर टूटने तक की मुसीबत आ खड़ी होती है। इसका मुख्य अहम कारण मोबाइल फोन ही बन रहा है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि वे अपने बच्चों को संस्कारी बनाने पर जोर दें। जिस घर में माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहनों के बीच आपसी प्रेम नहीं होता वह घर, घर नहीं होता। परिवार में आपसी प्रेम होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां प्रेम होता है वहां सौहार्द का वातावरण हमेशा बना रहता है।महाराज जी ने वर्तमान परिदृश्य को ध्यान मे रखने का आग्रह करते हुए कहा कि हमें एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने पंथ और जाति के बंधन को तोड़ कर सभी को सनातनी बनने पर जोर दिया। उन्होंन कहा कि हमें सिखों के गुरुद्वारों में जाकर मत्था टेकना चाहिए क्योकि सिख गुरुओं ने सनातन को बचाने के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है।

कथा के दौरान कथा संयोजक डॉ, चन्द्रकला अग्रवाल, सतीश गुप्ता, आशा गुप्ता, भगतराम गोयल, सुमन लता गोयल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, सुशील गुप्ता, शीतल गुप्ता, महेश अग्रवाल, बबिता अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल (बंजारा हिल्स, विजय प्रकाश अग्रवाल, बीना अग्रवाल, रमेश चंद्र गुप्ता, सत्यभामा गुप्ता, प्रेमलता अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अनिता शाह, राजेंद्र अग्रवाल, संतोष अग्रवाल (बगड़िया), अविनाश गुप्ता, सरिता गुप्ता, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, श्रीकिशन अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, आशा अग्रवाल, बबिता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, कौशल्या गुप्ता, पुष्पा अग्रवाल, अजय गोयल एवं कविता गोयल सहित सैकड़ों वैष्णवजन उपस्थित रहे।




## नाग पंचमी पर 11 सांप बचाए गए



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नाग पंचमी पर जीएचएसपीसीए और पीएफए टीम के सदस्यों ने पुराने शहर की सीमा से 11 सांपों को बचाया, जिनमें 10 कोबरा और 1 बेबी इंडियन रॉक पायथन शामिल है। टीम ने उन्हें शालीबंडा, गौलीपुरा, हुसैनी आलम, दूध बावली, जियागुड़ा, मोसाबौली और मोगलपुरा जैसे इलाकों से पकड़ा है। अभी उनका इलाज चल रहा है और जब वे ठीक हो जाएंगे तो टीम उन्हें वापस प्रकृति (जंगल में) में छोड़ देगी। सांपों को बचाने में मदद करने वाले टीम के सदस्यों में सुरेंद्र भंडारी, डी. जोशी, दिनेश आंचलिया, सौधर्म भंडारी, सिद्धम भंडारी, पंकज गुप्ता, प्रतीक, टिल्लू, दीपक, पीयूष, रोहित, स्टार, फ़राज़, शिव, तरूण, श्रीकांत और अक्षत शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने शहरवासियों से अपील की है कि अगर आपको कोई सपेरा मिलता है तो कृपया इन नंबरों पर 9394578568, 8886743881, 9441131481 पर तत्काल हमसे संपर्क करें।



चारमीनार इंस्पेक्टर के. चंद्रशेखर के नेतृत्व में आगामी गणेश उत्सव त्यौहार के लिए बैठक कर मंडपों एवं शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर बंदोबस्त योजना के लिए शनिवार को मदन भवन चरकमान में साउथ ज़ोन पीस कमेटी के आल जोन महा सचिव किशन शर्मा, साउथ जोन अध्यक्ष ख़्वाजा मोईज़उद्दीन, मंत्री डॉ. जैनुल्लाह, टीपू सोनी एवं अन्य ने भाग लिया।



दिवंगत मो. हबीबुद्दीन की स्मृति मे सिंग विंडो कंपनी के निदेशक मो. नईमुद्दीन ने रामपुर गांव तालाकोंडापल्ली मंडल, आरआर जिला को शुद्ध वॉटर फिल्टर मशीन दान की, जिसका उद्घाटन लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल द्वारा किया गया।



माथुर वैश्य महिला मंडल सोसाइटी की महिलाओं ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर सीता, पुष्पा, रागिनी, सरिता, मुन्नी देवी, मंजू, रचना, पूजा, अनु, प्राची, कमलेश, मंजू, पुष्पा तथा दक्षिणाचल अध्यक्ष सपना गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

## राजस्थानी ब्राह्मण सभा हैदराबाद-सिकंदराबाद का श्रावणी उपाकर्म महोत्सव 19 को



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजस्थानी ब्राह्मण सभा हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा 19 अगस्त को सुबह 9:41 मिनट से पहाड़ी शरीफ मामडपल्ली स्थित श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर पर श्रावणी उपाकर्म महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में शनिवार को एक बैठक अध्यक्ष पुरूषोत्तम लाला की अध्यक्षता में सभा कार्यालय घांसीबाजार पर बुलाई गई। गायत्री वंदना के पश्चात महासचिव रामदेव नागला ने बताया कि 19 अगस्त कप सुबह 9:51 मिनट से विधिवत दशविधि स्नान, 11:21 मिनट पर गायत्री यज्ञ व यज्ञोपवित पूजन, 11:51 मिनट से पांच कुण्डीय महायज्ञ, दोपहर 12:55 मिनट पर पूर्ण आहुती तत्पश्चात महाआरती और आरती के पश्चात भोजन प्रसादी आरंभ होगी। उपरोक्त सभी अनुष्ठान गायत्री परिवार के गोकुल चंद उपाध्याय एवं शांति कुंज हरिद्वार के पुरोहितो के आचार्यतत्व मे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हो इसके लिए सभी ने सर्वसम्मति से सुरेश गांधी को प्रधान संयोजक व दामोदर जोशी को सहसंयोजक बनाए जानके की सहमति बनी। साथ ही रामनिवास पराशर, मोहनलाल शर्मा, पवन उपाध्याय, श्रीलाल पारीख, मुरलीधर तिवाड़ी, मुकेश शांडिल्य, रामेश्वर जोशी, प्रभुदयाल पाण्डियां, प्रदीप चोटियां, लक्ष्मीकांत व्यास, संदीप जायलवाल संयोजक मण्डल में सहयोगी होंगे।

नूतन यज्ञोपवित धारक रामदेव नागला एवं सुरेश गांधी से सम्पर्क कर अपने नाम लिखवाएं। 19 अगस्त को बस की व्यवस्था रामनाथ आश्रम भगवान गंज से प्रातः 8:00 से 8:45 तक नि:शुल्क रहेगी। कार्यक्रम का कार्यभार हेतु विभिन्न समितियों का गठन आगामी बैठक पर किया जायेगा। आज की बैठक में प.पुरूषोत्तम लाला, रामदेव नागला, श्रीलाल पारीख, सुरेश गांधी, पवन उपाध्याय, दामोदर जोशी उपस्थिति थे। प्रधान संयोजक सुरेश गांधी ने सभा से जुड़ी सभी 13 उपन्याती अध्यक्षो व समाज बन्धुओं को ज्यादा से ज्यादा पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। दामोदर जोशी के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक का समापन हुआ।

## बिहार एसोसिएशन की कांवड़ शोभायात्रा कल



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार एसोसिएशन हैदराबाद सोमवार को भव्य कांवड़ शोभायात्रा निकालेगी। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि यह छठी भव्य कांवड़ शोभायात्रा होगी, जो उप्पल शिवालय से शुरू होकर महिंद्रा हिल्स शिवालय में जाकर शिवजी को जल अर्पण के साथ समाप्त होगी। इस बार की कांवड़ यात्रा बहुत ही भव्य एवं सुंदर होगी।

जिसमें हजारों शिव श्रद्धालुओं के भाग लेने की सूचना है। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद के अध्यक्ष हरे राम सिंह ने बताया कि मैं सभी शिव भक्तों से आग्रह करता हूं अधिक से अधिक संख्या में इस कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होकर कांवड़ यात्रा की शोभा बढ़ाएं और भगवान भोले शंकर का आशीर्वाद प्राप्त करें श्र बिहार एसोसिएशन हैदराबाद की महिला शक्ति प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए उत्साह संग शोभायात्रा में जोर शोर से भाग लेने जा रही हैं। भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी इस शोभायात्रा में भाग लेगी जिसकी अगुवाई महिला शक्ति के प्रमुख के द्वारा की जा रही है।

कांवड़ शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा के दौरान जल, शरबत के साथ-साथ फल आहार की व्यवस्था की गई है एवं जल अर्पण के बाद बिहार एसोसिएशन के द्वारा सुरुचि भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इसी के सापेक्ष संगठन प्रतिनिधि मंडल स्थानीय सांसद इटेला राजेंद्र से मिलकर निमंत्रण की औपचारिकता पूर्ण की गई। जिसमें अध्यक्ष हरेराम सिंह, महासचिव प्रभास कुमार, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, शैलेश रेड्डी, शत्रुघन राम एवं साथी शामिल रहे।

## दुर्गा माता मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक आज

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार सहयोग समिति और बिहार महिला एसोसिएशन, मलकाजगिरी, हैदराबाद द्वारा दुर्गा माता मंदिर, (इंदिरा नेहरू नगर,) के प्रांगण में 11 अगस्त रविवार को प्रातः 8 बजे से रुद्राभिषेक तथा सायं 4.30 बजे से श्री सुंदरकांड का अखंड संगीतमय पाठ का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। समिति के पदाधिकारियों ने सभी हरिचरणानुरागि भक्तगण, सभी पदाधिकारी गण तथा सभी सहयोगी सदस्य गण से हार्दिक अनुरोध है किया है कि इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना पूजा में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें। विशेषकर रुद्राभिषेक का कार्यक्रम महिला एसोसिसन द्वारा आयोजित है। इस कार्यक्रम का संचालन महिला समिति की मनोनीत अध्यक्षा, महिला समिति के सांस्कृतिक प्रभारी व अन्य सदस्यों द्वारा किया जायेगा। बिहार सहयोग समिति के सांस्कृतिक प्रभारी मनोज भगत ने बताया कि हमारी समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पंडित सुशील कुमार ओझा अपनी पूरी की टीम के साथ सम्पूर्ण कार्य की व्यवस्था सम्पन्न करवा रहे हैं।




बालवीर हनुमान मन्दिर श्यामला हिल्स शिवरामपल्ली में सावन माह के अवसर पर कजली गीत का अयोजन किया गया। इस अवसर पर सुशीला पाण्डेय, वन्दना गुप्ता, हेमलता, अनिता, बेबी सिंह, सुषमा, मंजु, शकुंतला, सरिता, मीना, पूनम, प्रमिला, कालिंदी, दीपमाला, पूजा, कमला दीपशिखा कमला विद्यावती मनीषा व अन्य उपस्थित थीं।

## कांग्रेस नेता ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने की घर वापसी

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गोशामहल विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं विधायक व प्रदेश के नेता डी. नागेन्द्र के समक्ष पार्टी का फटका पहन कर घर वापसी की।

ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने गत 35 वर्षों से आन्ध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पार्टी के उच्चतम पदों पर रहकर पार्टी एवं जनता की सेवा की है।



उनके पुनः पार्टी में शामिल होने पर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता वेंकटेश, गजानंद चोधरी, बजरंग गोप, राजेन्द्र यादव, नरसिंह राव एवं अनेक वरिष्ठ नेत-ाओं ने स्वागत किया।

# राम भक्तों द्वारा अत्तापुर में 28 फिट ऊंची भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापित

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर के अनमगुड़ा स्थित 200 साल पुराने श्री राम मंदिर में राम भक्तों द्वारा 28 फीट ऊंची भगवान श्री राम जी की मूर्ति स्थापित की गई। जिसका अनावरण कार्यक्रम शनिवार, दि. 10 अगस्त को संपन्न हुआ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगन्नाथ मठ सीताराम बाग के महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय महाराज ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भगवान रामचंद्र जी विराजमान हुए, इसी प्रकार अत्तापुर में भी 200 साल पुराने मंदिर में भक्तों द्वारा 28 फीट ऊंची मूर्ति का विराजमान करना अत्तापुर के लोगों के लिए अच्छा एवं शुभ संकेत है।



इस अवसर पर मैलारदेवपल्ली पार्षद तोकला श्रीनिवास रेड्डी, रंगा रेड्डी भाजपा संयोजक मल्ला रेड्डी, गोरक्षा दल अध्यक्ष कालू सिंह, राजस्थानी समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल जोशी, राजेंद्र नगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष बालू सुब्रमण्यम, श्री श्याम मित्र मंडल के पवन कुमार नालपुरिया, सोहनलाल नेहरा, भंवरलाल चाहर, डालूराम, संतोष अग्रवाल, आयोजक पी वेंकट रेड्डी , अट्टापुर पार्षद एम संगीता, विजय स्वामी, गणेश कुमार, एस वासु , आले भास्कर, जसमत भाई पटेल, रिद्धिस जागीरदार, नवीन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कारवान सेवाश्रम में स्नेह सुगंध क्लब ने किया सेवा कार्य



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्नेह सुगंध महिला क्लब के ओरचिड ग्रुप द्वारा मासिक गोष्ठी की गई। प्रभा दूगड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि हर महीने की जाने वाली गोष्ठी में इस ग्रुप की हेमा केडिया, शशी सितानी, बीना रुंगटा, रेणुका चौरडिया, पूजा रांका और राजेश्री कोठारी ने सेवा कार्य के अंतर्गत शनिवार को श्री जैन सेवा संघ के अंतर्गत चलने वाली कारवान स्थित सेवाश्रम में क्लब की लगभग 30 मेंबर्स के साथ सेवा कार्य किया। सर्वप्रथम ग्रुप में प्रार्थना की। उसके बाद अध्यक्ष आशा गुप्ता ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि अपने बारे में तो सभी सोचते हैं पर दूसरों के बारे में सोचना उनकी सेवा करना बड़ी बात है। मंत्री नीता पटेल ने पिछले महीने की रिपोर्ट पढ़ी। हेमा केडिया ने क्लब के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

सेवा आश्रम के सभी मेंबर्स ने अपनी-अपने प्रस्तुतियां दी, अच्छे-अच्छे भजन गए तथा सब ने मिलकर अंताक्षरी खेली। जैनरत्न मीना मूथा ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि आज हमारे आश्रम में स्नेह की सुगंध बिकी है और हम आशा करते हैं कि सुगंध क्लब अपनी स्नेह की सुगंध हमेशा बिखरते रहेगा। क्लब की तरफ से एक गीजर, 20 कुर्सियां, महिलाओं को गाउन और पुरुषों को टी-शर्ट, सेव तथा अनाज एवं जरूरत की सामग्री तथा नगद राशि भी दी गई। सभी ने वहीं पर भोजन किया तथा अपने हाथों से भोजन परोसा। अंत में हेमा केडिया ने सेवाश्रम में निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में कार्यरत सभी का तथा पधारे सभी पदाधिकारी और मेंबर्स का धन्यवाद किया। जैन सेवा संघ से सीमा शील कुमार जैन, कल्पना सुराणा, रीमा जैन, शर्मिला पांड्या, सुशीला संचेती, अरुणा शाह, अलका चौधरी, सुमित्रा सेठ, हंसा कावड़िया, सीमा मेहता आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति सदस्यों की पंचम बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा समाज के कार्यालय में पंचम केंद्रीय समिति सदस्य की बैठक आयोजित को गई ।

महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना के साथ सभा आरंभ हुई । अध्यक्षीय भाषण में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने केंद्रीय समिति सदस्यों को अग्रवाल समाज के अन्य अग्रबंधुओं को समाज से जोड़ने के लिए कहा । अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने श्रीशैलम प्रोजेक्ट के संबंध में बताते हुआ कहा कि समाज ने एक और पड़ाव पार कर लिया है और इस कार्य के लिए सभी बंधुओं को विशेष कर कमल अग्रवाल को धन्यवाद दिया । अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने अग्रसेन शीतल पेय जलशाला के लिए महेश कनोडिया को , अग्रमांजूशा के प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को एवं एक अग्रवाल परिवार की सहायता के लिए मनीष अग्रवाल एवं ललित अग्रवाल धन्यवाद किया । उन्होंने एक अन्य कार्य के लिए जो बहुत समय से लंबित था पूर्ण करने के लिए रुपेश अग्रवाल को धन्यवाद दिया।

अवसर पर मंत्री कपूरचंद की अनुपस्थिति में श्रीमति कंचन अग्रवाल ने सभा का आयोजन किया । अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल ने अक्तूबर माह में अग्रसेन जयंती के आयोजन हेतु एक रूप रेखा सभा के समक्ष रखी और सभा में सभी से विचार विमर्श किया । अग्रसेप ज्यंजी हेतु सभा से सुझाव आमंत्रित किए गए। इस अवसर सतीश अग्रवाल एवं विनोद अग्रवाल का स्वागत किया गया । उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल ने सभा से धन संचय पात्र की ज़िम्मेदारी तय करने का अनुरोध किया और इस योजना पर सभी शाखाओं से ध्यान केंद्रित करने का निवेदन किया।अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल के धन्यवाद प्रस्ताव के बाद सहभोज के साथ सभा सम्पन्न हुई ।

# राजस्थानी जागृति समिति की श्रीमद् भागवत कथा जारी

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ब्रह्मचारी मठ राधेकृष्ण मंदिर में राजस्थानी जागृति समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक हरिप्रिया वैष्णवी ने भक्तों को अपनी धारा प्रवाह वाणी से भागवत कथा के सभी बिंदुओं को समझाकर भक्तों का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को वामन महाराज का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने भगवान के लिए भक्तों के समर्पित भाव को विस्तारपूर्वक समझाया। इस अवसर पर राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी एवं कथा संयोजक पवन नालपुरिया ने कथा में भाग लेने पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया। शनिवार को कथा में बजरंगलाल नालपुरिया, भंवरलाल चाहर, श्याम अग्रवाल, सतनारायण रोहिवाल, लक्ष्मण शारडा, श्याम सुंदर जांगिड़, सोहनलाल नेहरा, डालूराम, सरदार सुखजिंदर सिंह, विमल खंडेलवाल, सीताराम केडिया, बाबूलाल जोशी, महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति शर्मा, गोरजा ईनाणी, विद्या शर्मा सहित अनेक लोगों का सम्मरन किया । इस अवसर पर राजस्थानी जागृति समिति के अध्यक्ष सोमानी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को कृष्ण जन्म को बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए सभी भक्तों से ज्यादा से ज्यादा कथा में भाग लेने का आग्रह किया गया।



# अग्रवाल शिक्षा समिति ट्रस्ट बोर्ड की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति ट्रस्ट बोर्ड की दूसरी मासिक बैठक शनिवार, दि. 10 अगस्त, 2024 को समिति के बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में सर्वप्रथम चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिनन्दन किया एवं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यों की उपस्थिति उत्साह और ऊर्जा प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से संस्था की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

बैठक के निर्धारित एजेंडा के विभिन्न विषयों पर सदस्यों ने अपनी सहमति जताई तथा सुझाव दिया एवं भविष्य में समिति की उन्नति के लिए बनाये गये प्रॉजेक्ट्स की सफलता की मंगलकामना की।

बैठक के समपन से पहले चेयरमैन ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य, सम्मान एवं गर्व की बात है कि हमारे पांच सदस्य सर्वश्री प्रमोद कुमार केडिया, सीए नवीन कुमार अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल एवं बजरंग प्रसाद अग्रवाल का विगत मास में सम्पन्न अग्रेसर को-ऑपरेटिव बैंक के पदाधिकारियों के रूप में निर्वाचन हुआ है। ट्रस्ट की ओर से इन सभी का शॉल एवं पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मान किया गया।

## गुरु नानक यूनिवर्सिटी में मानव संसाधन सम्मेलन आयोजित




**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गुरु नानक यूनिवर्सिटी ने भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करना विषय पर केंद्रित एक मानव संसाधन सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख नेता, अकादमिक पेशेवर और कॉर्पोरेट अधिकारी शामिल हुए। जिन्होंने कार्यबल के उभरते परिदृश्य और तेजी से बदलती दुनिया में कामयाब होने के लिए आवश्यक कौशल पर चर्चा की। दिन के एजेंडे में विशेषज्ञों की बातचीत और पैनल चर्चाओं की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसका उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों को भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। गुरु नानक यूनिवर्सिटी के चांसलर सरदार गगनदीप सिंह कोहली ने उद्योग-अकादमिक सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि उद्योग से फीडबैक को शामिल करके और आधुनिक दुनिया की मांगों के अनुसार पाठ्यक्रम को अनुकूलित करके, जीएनयू भारत के शीर्ष संस्थानों में शुमार होने की उम्मीद करता है।

सम्मेलन के दौरान मयंक गुप्ता ने अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता की विशेषता वाली दुनिया में अनुकूलनीय और चुस्त होने के महत्व पर जोर दिया। शमिका नामदास ने नए स्नातकों से उद्योग की अपेक्षाओं पर चर्चा की और विकास की मानसिकता की आवश्यकता पर जोर दिया। राइज़नसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एस कृष्णकांत विष्णुभटला के नेतृत्व में तीसरे सत्र में नौकरी की भूमिकाओं को सुरक्षित करने और उनमें उत्कृष्टता प्राप्त करने में प्रभावी संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

टेक स्टार्टअप की फिनकोलैब्स प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक स्वाति भगवथुला ने उद्यमशीलता कौशल के पोषण पर अपने विचार साझा किए, छात्रों को अभिनव तरीके से सोचने और अपने करियर में पहल करने के लिए प्रोत्साहित किया।



**श्रुति पाटिल, आईआईएस, अतिरिक्त महानिदेशक प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने शनिवार को हैदराबाद के सालार जंग संग्रहालय में कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।**

# पांडुरंगपुरम-भद्राचलम-मल्कानगिरी नई लाइन परियोजना से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्यों को अत्यधिक लाभ होगा

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई रेलवे लाइन परियोजनाओं को मंजूरी देने के कैबिनेट निर्णय पर मीडिया को जानकारी दी

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रेल, संचार और आईटी, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पांडुरंगपुरम-भद्राचलम-मलकानगिरी नई रेलवे लाइन परियोजना को आदिवासी बेल्ट के माध्यम से एक नया रेल मार्ग प्रदान करने के लिए उच्च प्राथमिकता के साथ लिया जाएगा और आसनसोल और वारंगल के बीच रेल वैकल्पिक मार्ग के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना में जूनागढ़-नबरंगपुर-जयपोर-मलकानगिरी-भद्राचलम-पांडुरंगपुरम के बीच कनेक्टिविटी शामिल है। जूनागढ़-नबरंगपुर, मलकानगिरी-भद्राचलम-पांडुरंगपुरम के बीच 290 रूट किलोमीटर की लंबाई वाली नई रेल लाइन परियोजना 7383 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की जा रही है। उन्होंने शनिवार 10 अगस्त को नई दिल्ली में मीडियाकर्मियों और हैदराबाद मीडिया के साथ वर्चुअली बात की। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल निलयम, सिकंदराबाद में वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों को अत्यधिक लाभ होगा। यह उत्तरी और पूर्वी भारत के लिए एक अतिरिक्त रेल गलियारा होगा, जिससे दक्षिणी भारत में थर्मल पावर प्लांटों को तेजी से कोयला प्राप्त करने में मदद मिलेगी, एल्यूमीनियम और लौह अयस्क उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी से लाभ होगा। नई लाइन आंध्र और तेलंगाना में कृषि उत्पादों को व्यापक बाजार भी प्रदान करेगी। यह मौजूदा विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम-भुवनेश्वर-कोलकाता के तटीय क्षेत्र को नए मार्ग वारंगल-भद्राचलम-मलकानगिरी-जयपुर-टिटलागढ़ तक अतिरिक्त रेल मार्ग प्रदान करेगा।




यह लाइन कालाहांडी के आदिवासी और आकांक्षी जिलों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, नबरंगपुर, कोरापुट, रायगढ़ा, मलकानगिरी जिले अतीत में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे। अब इन जिलों में आर्थिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं और शांति बहाल हो रही है। इस नई लाइन कॉरिडोर से ओडिशा और पूर्वी गोदावरी (आंध्र प्रदेश) और भद्राद्री कोठागुडेम (तेलंगाना) के उपरोक्त जिलों का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। यह गलियारा महानदी कोयला क्षेत्र क्षेत्रों से मध्य और दक्षिण भारत में स्थित बिजली संयंत्रों को छोटी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नई रेलवे लाइन आपदा प्रबंधन बैकअप रूट के रूप में काम करेगी। यह नई लाइन चक्रवात के दौरान भी ओडिशा के विभिन्न जिलों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी यदि हावड़ा-विजयवाड़ा तटीय मार्ग में मौजूदा मार्गों की कनेक्टिविटी प्रभावित होती है। यह इस क्षेत्र में खाद्यान्न, उर्वरक, कृषि उत्पाद और सीमेंट की आसान पहुंच प्रदान करेगा।नई लाइन के शुरू होने से दक्षिणी ओडिशा और बस्तर क्षेत्र से दक्षिण भारत की दूरी 124 किमी कम हो जाएगी और यह राजमुंदरी और विशाखापत्तनम जैसे व्यस्त गलियारों को दरकिनार करते हुए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में भी काम करेगी। यह परियोजना 1 करोड़ मानव दिवस रोजगार पैदा करेगी और लगभग 267 करोड़ किलोग्राम कार्बन फुट प्रिंट कम करेगी जो 3 करोड़ 80 लाख पेड़ों के रोपण के बराबर है।




# तीन किलो इफेड्रिन के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**हैदराबाद, 10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई (एचजेडयू) ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 60 लाख रुपए की तीन किलोग्राम इफेड्रिन/स्यूडोएफेड्रिन जब्त किया है।

डीआरआई के शनिवार को जारी बयान के अनुसार खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एचजेडयू के डीआरआई अधिकारियों ने शुक्रवार को हैदराबाद में संदिग्धों को रोका।



जो कोरियर के मार्फत एक पैकेट को न्यूजीलैंड भेजने का प्रयास कर रहे थे। गहन जांच के बाद, उनके पास दो वैक्यूम-सीलबंद पारदर्शी पैकेट बरामद किए गए।

अधिकारियों ने दोनों पैकेटों में एक सफेद पाउडर जैसा पदार्थ पाया गया, जिसका फील्ड परीक्षण किट का उपयोग करके परीक्षण किया गया और सफेद पाउडर एफेड्रिन/स्यूडोएफ़ेड्रिन पाया गया। दोनों आरोपियों से जब्त की गयी तीन किलो एफेड्रिन/स्यूडोएफ़ेड्रिन की बाजार में कीमत 60 लाख रुपये आंकी गयी। अधिकारियों ने दोनों व्यक्तियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

गौरतलब है कि इफेड्रिन एक केंद्रीय तंत्रिका तंत्र उत्तेजक है जिसका उपयोग अक्सर एनेस्थीसिया के दौरान निम्न रक्तचाप को नियंत्रण करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग अस्थमा, नार्कोलेप्सी और मोटापे के लिए भी किया जाता है, लेकिन यह पसंदीदा उपचार नहीं है। नाक बंद होने पर इसका लाभ अस्पष्ट है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ओर जांच शुरू कर दी है।

# नशेड़ी पुत्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर पिता को मौत के घाट उतारा

**नागरकर्नूल,10 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जिले के तेलकापल्ली मंडल के अंतर्गत गट्टुनेलीकुदुरु गांव में एक व्यक्ति ने शराब और अन्य व्यसन छोड़ने के लिए कहने पर अपने पिता की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना शनिवार तड़के की है, जब 50 वर्षीय सुल्तान घर पर सोए हुए थे।



उसका बेटा मल्लेश शराब के नशे में घर पहुंचा और किसान सुल्तान पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जो मौके पर पहुंची और मल्लेश को हिरासत में ले लिया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए जिले के सरकारी सामान्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुल्तान ने मल्लेश को शराब और अन्य व्यसन छोड़ने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। खबरों के मुताबिक, अपने पिता द्वारा बार-बार अपने तरीके में सुधार करने के लिए कहने से नाराज मल्लेश ने सुल्तान की हत्या कर दी।











स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.